हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 भाई दूज की खुशियां बदली मातम में, बहन के घर आए युवक की...



09 हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई के माथे पर तिलक लगाया, भाईदूज पर जिलेभर...



## खबर संक्षेप

### दीपावली सुख-समृद्धि का महापर्व है : विद्यार्थी

**सागर।** दीपावली केवल त्योहार नहीं, बल्कि सुख-समृद्धि और सकारात्मकता का महापर्व है। यह बात संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच की 1660वीं साप्ताहिक एवं 338वीं ऑनलाइन संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कही।उन्होंने नरक चतुर्दशी के धार्मिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर वध और कन्याओं को मुक्त कराने की कथा सुनाई। संगोष्ठी का संचालन अमित मणीकांत चौबे ने किया। डॉ. पुष्पा चिले ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण डॉ. नलिन निर्मल जैन ने दिया। इस अवसर पर टीकमगढ़, रीवा, पृथ्वीपुर, जबलपुर और सागर के कवियों ने काव्य पाठ किया। अंत में कवि मुकेश तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

### बिक्री के लिए गांजा लेकर खड़ा 65 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

**सागर।** मोतीनगर थाना पुलिस ने अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 65 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 800 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 8 हजार रुपए है, जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मछरयाई क्षेत्र में शीतला माता मंदिर के पास रहने वाला सुरेश शाक्य घर के बाहर गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और आरोपी सुरेश पिता स्व. रामचरन शाक्य (65), निवासी मछरयाई को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंत राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

### कलेक्टर ने किया आंगन बाड़ी केंद्र वागराज वार्ड का औचक निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने आंगनबाड़ी, वागराज वार्ड सागर केन्द्र क्रं.-79, सागर शहरी-01 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र पर पंजीकृत बच्चों की संख्या, उपस्थिति रजिस्टर और पोषण ट्रैकर ऐप में एंट्री की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केन्द्र से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने गर्म पका भोजन, टेक होम राशन, टीकाकरण और प्री-स्कूल शिक्षा की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर वितरित होने वाले भोजन सप्लाई की जानकारी ली और निर्देश दिए कि बच्चों को मेनू के अनुसार, समय पर और गुणवत्तापूर्ण भोजन वितरित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले और बंद हो, भवन में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रहे, और बच्चों के लिए नियमित गतिविधियां, खेल और पोषण वाटिका का संचालन किया जाए।

### छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

**सागर।** राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन 23 नवम्बर तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

### निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने ग्रहण किया पुरस्कार

# स्वच्छता में सागर का देश में तीसरा स्थान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छता के क्षेत्र में सागर ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में 50 हजार से 3 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सागर ने पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नगर निगम सागर को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। निगमायुक्त एवं स्मार्ट सिटी के कार्यकारी निदेशक राजकुमार खत्री ने राष्ट्रपति के हाथों यह पुरस्कार प्राप्त किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में सागर को यह उपलब्धि बेहतर सफाई व्यवस्था, जनभागीदारी, नवाचार और शहर के सौंदर्यीकरण के प्रयासों के चलते मिली है। संभागायुक्त दिलीप कुमार और कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने इस उपलब्धि पर सागरवासियों और नगर निगम परिवार को बधाई दी।



### सागर का नाम घोषित होते ही निगम परिसर में मना जश्न

नई दिल्ली में आयोजित समारोह का नगर निगम के नवीन कार्यालय में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। जैसे ही सागर का नाम तीसरे पुरस्कार के लिए घोषित हुआ, परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के बीच जमकर जश्न मनाया गया।

### सामूहिक प्रयासों का परिणाम है राष्ट्रीय सम्मान : जैन

विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति या विभाग का नहीं, बल्कि प्रत्येक सागरवासी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों, नगर निगम कर्मचारियों और सफाई मित्रों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। नागरिकों की जागरूकता और सफाई मित्रों की मेहनत ने सागर को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि पिछले वर्ष की दसवीं रैंकिंग से आगे बढ़कर तीसरा स्थान हासिल करना ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह पुरस्कार सफाई मित्रों और जागरूक नागरिकों को समर्पित है। उन्होंने भविष्य में सागर को देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि बेहतर सफाई व्यवस्था, घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे के निष्पादन में नवाचार और नागरिकों के सहयोग से यह सफलता मिली है।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## रहली पंढरपुर में कार्तिक महालक्ष्मी उत्सव, अष्ट धातु की प्रतिमा के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

जिस घर में तुम रहती सब सदुण आता, सब संभव हो जाता मन नहीं घबराता... महालक्ष्मी जी की आरती की ये पंक्तियां सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की अंतरात्मा की वह गहरी पुकार हैं, जो हर भक्त जीवन में महसूस करता है। मान्यता है कि जहां मां लक्ष्मी का वास होता है, वहां समृद्धि के साथ-साथ अभय भी आ जाता है। कुछ ऐसा ही अपार श्रद्धा और विश्वास का माहौल इन दिनों नगर के पंढरपुर स्थित 'साधु की शाला' में देखने को मिल रहा है, जहां 11-दिवसीय कार्तिक महा लक्ष्मी उत्सव के दौरान मां के दर्शन के लिए रोज हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है।

### 20 वर्षों से निरंतर जारी है परंपरा

आयोजन समिति के सदस्य संतु पुरानी एवं पार्षद राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि पंढरपुर में कार्तिक माह में दीपावली से देवउठनी एकादशी तक महालक्ष्मी महोत्सव मनाने की यह परंपरा पिछले 20 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। शुरुआत में प्रतिवर्ष मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया जाता था।



### मिट्टी की मूर्ति से अष्टधातु की प्रतिमा तक का सफर

समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों के सामूहिक प्रयास से करीब 10 वर्ष पूर्व मां लक्ष्मी की अष्टधातु की भव्य और दिव्य प्रतिमा का निर्माण कराया गया। वहीं पिछले 2 वर्षों से माता रानी नवनिर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रही हैं।

### दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

11 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में न केवल रहली नगर, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज के अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु साधु की शाला पहुंच रहे हैं। पूरे पंढरपुर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है और पूरा परिसर मां लक्ष्मी के जयकारों से गुंजायमान हो रहा है।



## किसानों को रबी सिंचाई के लिए समय पर पानी उपलब्ध हो : विधायक वीरेन्द्र सिंह

**सागर।** वर्ष 2026-27 के लिए जलाशयों में वर्तमान जलभराव की स्थिति और रबी सिंचाई के लक्ष्य निर्धारण के संबंध में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जलाशयों के उद्देश्य, वर्तमान जलभराव, विभिन्न सिंचाई योजनाओं व परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही, रबी फसलों की सिंचाई और पेयजल के लिए जल आरक्षण पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी संबंधित जलाशयों के गेट खोलकर सिंचाई के वास्ते पानी छोड़ने के निर्देश दिए गए। बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह ने निर्देशित किया कि किसानों को रबी सिंचाई हेतु समय पर पर्याप्त पानी मिलना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए नहरों की समय पर साफ-सफाई कराने और निर्धारित सिंचाई कार्यक्रम के मुताबिक नहरें संचालित करने पर जोर दिया गया, जिससे किसानों को खेतों तक पानी पहुँचाने में किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने सिंचाई व्यवस्था की निरंतर निगरानी बनाए रखने और जल वितरण में उचित समन्वय रखने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने सुरखी क्षेत्र की परियोजनाओं की जानकारी लेते हुए कार्यों में आ रही त्रुटियों की कड़ी समीक्षा की। निर्धारित एजेंसी द्वारा किए गए सर्वे में खामियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी प्रकट की और पुनः सर्वे कराने के की बात कही। उन्होंने मिडवासा परियोजना, लांच परियोजना और सिंदूर-बिरांझ संयुक्त वृहद परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति जानी। साथ ही, बेबस नदी परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा कराने और संबंधित एजेंसी को तलब कर कार्यों तथा संसाधनों की संपूर्ण जांच करवाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजपूत ने पलेवा सिंचाई व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कृषि उपसंचालक को निर्देश दिए कि वे किसानों को कम पानी की आवश्यकता वाली और एक-दो पानी में पकने वाली फसलों की खेती के प्रति जागरूक करें। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं जिला जल उपयोगिता समिति के सचिव अभिनव सिंह से नहरों की सफाई, पानी छोड़ने की तैयारियों और समग्र सिंचाई व्यवस्था के संबंध मे निर्देशित किया। उन्होंने कृषि उपसंचालक को कम पानी की खपत वाली फसलों के व्यापक प्रचार-प्रसार और किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए ताकि उपलब्ध जल संसाधनों का कुशलतम उपयोग संभव हो सके। कलेक्टर ने सभी एसडीओ और संबंधित अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि वे कल 12 नवंबर को सुबह 8 बजे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पहुंचकर जलाशयों और नहरों की मॉनिटरिंग करें तथा तय व्यवस्था के अनुरूप पानी का प्रवाह सुनिश्चित कराएं। आवश्यकतानुसार मुनादी करवाकर किसानों को भी पानी छोड़े जाने की समय पर सूचना देने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अभिनव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद वितरण में कोताही पर उपसंचालक कृषि और जिला विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

### लचर मॉनिटरिंग और समय पर गोदाम न खुलने पर 3 दिन में मांगा लिखित जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खाद वितरण केंद्रों की लचर मॉनिटरिंग और समय पर गोदाम न खुलने की शिकायतों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक (किसान कल्याण तथा कृषि विभाग) राजेश त्रिपाठी एवं जिला विपणन अधिकारी रोहित बघेल दोनों अधिकारियों को मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 16 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशों के परिपालन में 10 नवंबर को दोपहर अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं जिला उर्वरक निरीक्षक सागर द्वारा खुरई रोड स्थित न्यू गल्ला मंडी के मार्कफेड गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान गोदाम बंद पाया गया और वरिष्ठ क्षेत्र सहायक (गोदाम प्रभारी) राजाराम सोनी भी मौके से अनुपस्थित मिले। इस दौरान परेशान किसानों ने अधिकारियों को मोबाइल पर संपर्क किया और सेंटर न खुलने तथा जनरेटेड टोकन की पर्ची शेयर कर अपनी समस्या दर्ज कराई।

नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि कृषि विभाग के उप संचालक राजेश त्रिपाठी तथा जिला विपणन अधिकारी द्वारा खाद विक्रय केंद्रों के खुलने और सुचारू वितरण की उचित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही थी। शासन द्वारा खाद वितरण हेतु गोदाम खुलने का समय प्रातः 08:00 बजे से सायं 08:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके पालन में घोर लापरवाही और उदासीनता बरती गई।

शासकीय कर्तव्य निर्वहन में उदासीनता और आचरण को पदीय दायित्वों के प्रतिकूल मानते हुए कलेक्टर कार्यालय द्वारा दोनों अधिकारियों को 3 दिवस के भीतर स्वयं समक्ष उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसानों को सुगमता, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से खाद उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यवस्था में किसी भी स्तर पर बरती गई लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## रुद्राक्ष धाम में श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ भव्य गोवर्धन पूजन, उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

**सागर।** श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को श्री रुद्राक्ष धाम मंदिर परिसर में भव्य गोवर्धन पूजन, अखंड रामायण पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह रहे। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के समक्ष गोवर्धन पूजन किया और परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में गौमाता के गोबर से गोवर्धन पर्वत का विशाल स्वरूप तैयार किया गया। इसके लिए भूपेन्द्र सिंह की निजी गौशाला से चार ट्रॉली गोबर लाया गया था। गोवर्धन स्वरूप को आकर्षक ढंग से सजाकर शीर्ष पर भगवान बांके बिहारी की प्रतिमा स्थापित की गई। भूपेन्द्र सिंह, अविराज सिंह एवं काजल सिंह ने विधि-विधान से पूजन और आरती की। श्रद्धालुओं ने गुलाब की पंखुड़ियां अर्पित कर अपनी आस्था व्यक्त की। इसके बाद प्रसादी वितरण और आतिशबाजी हुई। आयोजन के पूर्व मंदिर परिसर में एक हजार से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए। गोपालगंज की मंडली ने बुंदेली भजनों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। अखंड रामायण पाठ का 11 नवंबर को समापन हो गया। इसके साथ ही भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने नगर परिषद बंडा के उपयंत्री आकाश राठौर निलंबित



**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार ने नगर परिषद बंडा के उपयंत्री आकाश राठौर को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निबलंन आदेशानुसार उपयंत्री आकाश राठौर द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना निर्माण योजना, कायाकल्प योजना (बरा चौराहा), प्रधानमंत्री आवास योजना-2.0, अमृत 2.0 योजना, ओएसटी फिल्टर निर्माण, एसडीआरएफ योजना के विभिन्न कार्यों, मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण, नगर के विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त कायाकल्प योजना के अंतर्गत बरा चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में नगर परिषद की परिषद के संकल्प क्रमांक 14, दिनांक 8 जुलाई 2026 के अनुसार भी संबंधित द्वारा कोई कार्यवाही प्रस्तावित नहीं की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण नहीं किया जा रहा था। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा 15 सितंबर 2026 को राठौर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब मांगा गया था। उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रकरण के परीक्षण एवं प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन के बाद पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं अनियमितता पाए जाने पर कमिश्नर दिलीप कुमार द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिका सेवा (कार्यपालन) नियम 1973 के नियम 36 एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## मोतीनगर पुलिस ने दो स्थानों पर दबिश देकर 12 जुआरी पकड़े, 4670 रुपए जब्त

**सागर।** मोतीनगर थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 4670 रुपए नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार पहली कार्रवाई काकागंज स्थित अंबेडकर भवन के पास की गई, जहां सात लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। वहीं दूसरी कार्रवाई ग्राम आमेट झांझरी में की गई, जहां पांच जुआरियों को पकड़ा गया। पुलिस ने सभी 12 आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।



## सद्भावना शाखा अ.भा.व. दिगं. जैन महिला परिषद द्वारा बाघराज मंदिर में लाडू समर्पण

**सागर।** वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के 255 वें निर्वाणोत्सव के शुभ अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद सद्भावना शाखा, शुभकामना परिवार सद्भावना शाखा एवं श्री सद्भावना पार्श्वनाथ पाठशाला बाघराज द्वारा सामूहिक रूप से 5 लाडू समर्पित किए गए। इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाघराज प्रबंधकारिणी, पाठशाला की शिक्षिकाएं, संयोजक, संचालक, पाठशाला के बच्चे एवं सर्व समाज महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अभिषेक, शांति धारा के उपरांत संगीतमय पूजन, निर्वाण कांड का वाचन के साथ लाडू समर्पित किए। आचार्य विराग सागर महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस एवं आचार्य श्री विभवसागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर विशेष पूजन भी संपन्न हुई। सांयकाल 48 दीपों से भक्तामर जी पाठ एवं महाआरती संपन्न हुई। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष की अध्यक्ष रश्मि- आलोक जैन ने वृहद लाडू निर्मित किया। इस अवसर पर हमारे परिवार से इंजी. दीपक धुड़े, मृदुला, पावनी पुणे, अवनी जैन दिल्ली ने भी अभिषेक, शांतिधारा की एवं नवीन पाठशाला हेतु दान की घोषणा की।

### खबर का असर : एसडीएम देवरी ने 3 टीमें गठित कर दिए कार्रवाई के निर्देश

# हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित वॉशिंग सेंटरों पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर ग्राम चीमाढाना के निकट विगत सोमवार सुबह हुए हृदय विदारक हादसे के बाद अब प्रशासन राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है। मामले में समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेकर एसडीएम देवरी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित अवैध वॉशिंग सेन्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये है। उक्त कार्रवाई हेतु प्रशासन द्वारा 3 संयुक्त दलों का गठन किया गया है।

विदित हो कि विगत सोमवार को सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बड़ा सड़क हादसा सामने आया जिसमें 4 व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई एवं 8 अन्य घायल हो गये थे। उक्त सभी व्यक्ति सोमती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए बरमान जा रहे थे। घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा और सुरक्षित यातायात पर सवाल खड़े हुए थे। अमावस्या, पूर्णिमा, मकर संक्राति सहित अन्य धार्मिक पर्वो के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही से यातायात प्रभावित होने सहित राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित वॉशिंग सेन्टरों पर नियम विरूद्ध संचालन पर भी सवाल उठाये गये थे। उक्त संबंध में समाचार पत्र द्वारा वाहन चालकों को होने वाली परेशानियों एवं यातायात प्रभावित होने के मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। उक्त संबंध में प्रशासन द्वारा सज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये गये है।

### वॉशिंग सेंटरों पर कार्रवाई के निर्देश

मामले में अनुविभागीय दण्ड अधिकारी मुनव्वर खॉन ने संज्ञान लेते हुए अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर रानगिर तिराहे से लेकर पर्रस टोल प्लाजा तक सड़क के दोनो और संचालित अवैध वॉशिंग सेन्टरों पर कार्रवाई के निर्देश दिये है। एसडीएम कार्यालय द्वारा 10 नवम्बर को जारी आदेश क्रमांक 795/स्टेनो/2026 में कहा गया कि अनुविभाग की सीमा से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई स्थानों पर सड़क के दोनो ओर सड़क से अत्यंत निकट वॉशिंग सेन्टरों का संचालन किया जा रहा है।

जिससे सड़क पर पानी बहने एवं वाहनों के जमावड़े से यातायात प्रभावित होता है एवं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। आदेश में उक्त अप्राधिकृत वॉशिंग सेन्टरों को पृथक किये जाने हेतु 3 संयुक्त दलों का गठन किया गया है। जिनकी कमान देवरी तहसीलदार, नायब तहसीलदार गौरझामर एवं नायब तहसीलदार महाराजपुर को सौपी गई है। संयुक्त दलों में राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों को शामिल किया गया है। जो राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनो ओर शासकीय भूमि पर अनाधिकृत कब्जा कर स्थापित धुलाई सेन्टरों की जांच कर उन्हे बेदखल करेंगे। अप्राधिकृत रूप से संचालित उक्त धुलाई सेन्टरों में लिए गये विद्युत कनेक्शन विच्छेद करायेंगे एवं उक्त स्थानों पर सुगम यातायात में बाधित संरचनाओं के विनष्टीकरण की कार्रवाई करेंगे।

### शराबखोरी के बीच खूनी खेल, छह-सात साथियों के बीच विवाद

# भाई दूज की खुशियां बदली मातम में, बहन के घर आए युवक की हुई संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



भाई दूज का त्योहार मनाने बहन के घर आए एक युवक की खुशियां खूनी संघर्ष में तब्दील हो गईं। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भितरवार में शराबखोरी के दौरान हुए विवाद में युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक जान बचाने के लिए घटनास्थल से आगे बढ़ा और किसी तरह शासकीय स्कूल के पीछे तक पहुंच गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उसकी मौत हो गई। रातभर चले घटनाक्रम में युवक को समय पर उपचार नहीं मिल पाने की बात भी सामने आ रही है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई, वहीं त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार मृतक विष्णु अहिरवार मूल रूप से ग्राम दोहे चक्र, थाना कुड़ीला क्षेत्र का निवासी था। वह भाई दूज का त्योहार मनाने के लिए ग्राम भितरवार में अपनी बहन के घर आया हुआ था। बीती रात वह ग्राम भितरवार स्थित शासकीय स्कूल के सामने अपने छह से सात साथियों के साथ बैठा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान सभी शराब का सेवन कर रहे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई। शुरुआत में मामूली दिखाई दे रहा विवाद देखते ही देखते हिंसक हो गया और इसी दौरान विष्णु पर चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू के वार से वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार चाकू से हमला होने के बाद विष्णु किसी तरह घटनास्थल से आगे बढ़ा और शासकीय स्कूल के पीछे तक पहुंच गया। वहां वह लहूलुहान हालत में पड़ा रहा। उसके शरीर से लगातार खून बहता रहा। बताया जा रहा है कि रातभर रक्तस्राव होने के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी सामने आने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जिस युवक को बहन के घर भाई दूज का त्योहार मनाने आना था, उसी की मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

#### छह-सात साथी मौजूद थे, फिर हमलावर कौन

इस वारदात ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक घटना के समय विष्णु के साथ छह से सात अन्य लोग मौजूद थे। ऐसे में पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ, विष्णु पर चाकू से हमला किसने किया, वारदात के बाद उसके साथ मौजूद लोग कहां चले गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उसे तत्काल अस्पताल क्यों नहीं पहुंचाया गया। यदि समय रहते उपचार मिल जाता तो क्या उसकी जान बच सकती थी। पुलिस इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और संदिग्धों से पूछताछ कर वास्तविक घटनाक्रम का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### एसडीओपी और थाना प्रभारी कर रहे जांच

एसडीओपी सौरभ रतनाकर ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विष्णु अहिरवार अपने छह से सात साथियों के साथ शासकीय स्कूल के सामने बैठा था। इस दौरान शराब पीने के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसी दौरान उस पर चाकू से हमला किया गया। घायल अवस्था में वह स्कूल के पीछे तक पहुंचा, जहां उसकी मौत हो गई। मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी सौरभ रतनाकर और बल्देवगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव जांच में जुटे हुए हैं। पुलिस संदिग्धों की तलाश करने के साथ घटनास्थल का निरीक्षण और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और इस खूनी संघर्ष में किसकी भूमिका थी। भाई दूज पर बहन के घर आए विष्णु की इस तरह हुई मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। जिस घर में त्योहार की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। पुलिस के सामने अब इस खूनी वारदात की गुत्थी सुलझाने और हमलावर की पहचान करने की चुनौती है।

#### इनका कहना है

अभी मामले में अज्ञात पर मामला दर्ज करके जाँच और पूँछतांछ की जा रही है। जाँच पड़ताल के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**जितेन्द्र यादव,** थाना प्रभारी बल्देवगढ़

### दो दिवसीय आयोजन में बंगाली संस्कृति की दिखी झलक

# ढोल की थाप, धूपर नृत्य और बंगाली परंपरा, नजरबाग में पहली बार सजी मां काली की अनूठी छटा





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के नजरबाग प्रांगण में पहली बार बंगाली संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप मां काली की पूजा का आयोजन किया गया। सनातनी बंगाली जन स्वास्थ्य कल्याण संगठन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में बंगाली समाज ने अपनी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। पश्चिम बंगाल के पारंपरिक ढोल की थाप, बंगाली वेशभूषा और विशिष्ट पूजा पद्धति ने आयोजन को विशेष आकर्षण का केंद्र बना दिया। पूजा-अर्चना के दौरान महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक अंदाज में नृत्य किया और हाथों में धूपर लेकर मां काली की आराधना की। आयोजन समिति के संरक्षक देवेन्द्र सेन ने बताया कि शहर में पहली बार बंगाली परंपरा के अनुसार मां काली की पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन मां काली की प्रतिमा का आगमन हुआ। इसके बाद 9 नवंबर की रात नजरबाग मंदिर प्रांगण में विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक बंगाली परिधानों में पहुंचीं, वहीं समाज के महिला और पुरुषों ने पश्चिम बंगाल के ढोल की थाप पर नृत्य कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। बंगाली संस्कृति के अनुरूप धूपर के साथ की गई आरती और पूजा पद्धति लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन को देखने के लिए स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें गायक आशु महाराज और गायिका मान्यता श्रीवास्तव ने एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी के भजनों से हुई। इसके बाद ओ राधा तेरे बिना श्याम है आधा, राधा की दीवानी बन जाऊंगी, कितना सोना तेरा भवन सजाया, जी करे देखता रहूं और जब जिद पर आ गई पार्वती, समझाने पहुंची सप्त ऋषि जैसे भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र सेन ने किया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से उपस्थित जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया गया।

#### पारंपरिक रीति-रिवाजों से दी मां काली को विदाई

आयोजन के दूसरे दिन मंगलवार सुबह 10 बजे मां काली की प्रतिमा विसर्जन की तैयारियां शुरू हुईं। नजरबाग प्रांगण में पूजा-अर्चना के बाद धार्मिक भजनों के साथ प्रतिमा की झांकी निकाली गई। इसमें बंगाली समाज की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल और भजनों के बीच झांकी महेंद्र सागर तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान बंगाली समाज के लोगों ने अपनी पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मां काली को भावपूर्ण विदाई दी। दो दिवसीय आयोजन ने शहर में बंगाली संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता की विशेष छाप छोड़ी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक राकेश गिरी, विवेक चतुर्वेदी, अभिषेक रानू खरे, राहुल तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, गोरेलाल सेन, मनोज देवलिया, इंजीनियर अभय यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, जैकी यादव, पुष्पेंद्र सिंह गौर, पंकज प्रजापति, आकाश अवस्थी, हरप्रसाद कुशवाहा, आनंद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### चादर की गठरी में छिपा रखी थी शराब की 150 शीशियां

# पुलिस की घेराबंदी में फंसे दो तस्कर बाइक सहित 3 पेटी माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में चंदेरा थाना पुलिस ने खरौ तिगैला के पास कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल से अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए शराब की पेटियों को चादर की गठरी में छिपाकर ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उनकी यह तरकीब काम नहीं आई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर को चंदेरा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि खरौ तिगैला पानी की टंकी के पास कछियागुड़ा में दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने आरक्षक अरुण सागर, आरक्षक योगेंद्र दांगी और आरक्षक इंद्रकुमार अहिरवार को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान ग्राम स्यावनी निवासी गुलाब सिंह राठौर और सुरेंद्र कुमार अहिरवार के रूप में हुई। पुलिस ने जब एचएफ डीलक्स हीरो मोटरसाइकिल पर रखी चादर की गठरी खोलकर देखी तो उसमें देशी मदिरा प्लेन की तीन पेटियां मिलीं। प्रत्येक पेटी में 50 क्वार्टर रखे थे। इस तरह कुल 150 क्वार्टर पाये गये जिनमें 180 एमएल के हिसाब से कुल 27 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कीमत 11 हजार 400 रुपए बताई गई है। आरोपियों से शराब के परिवहन एवं रखने संबंधी लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वे कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 हजार 400 रुपए कीमत की शराब और करीब 10 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल सहित कुल 21 हजार 400 रुपए का मशरूका जब्त किया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

# गौ सम्मान अभियान को धजरई मंदिर से मिला समर्थन

### छप्पन भोग अन्नकूट महोत्सव में गौ सम्मान हस्ताक्षर अभियान में लिया हिस्सा बोले महंत- गौमाता की रक्षा करना समाज का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





शहर के प्रसिद्ध धजराई मंदिर में आयोजित अन्नकूट एवं छप्पन भोग प्रसाद वितरण कार्यक्रम के दौरान गौ सम्मान आह्वान अभियान को धार्मिक संतों का समर्थन मिला। मंदिर के महंत सीताराम दास महाराज ने गौ सम्मान हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता करते हुए जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में 4 दिसंबर को भोपाल पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौमाता का सम्मान केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और मानव समाज के नैतिक दायित्व से जुड़ा हुआ है। महंत सीताराम दास महाराज ने कहा कि गौमाता के सम्मान से ही मानव समाज का सम्मान जुड़ा है। जब हम गौमाता की सुरक्षा और संरक्षण करेंगे, तभी हमारी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों की रक्षा संभव होगी। भगवान श्रीकृष्ण की आराधना करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह गौसेवा और गौ संरक्षण के कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ जिले के नागरिकों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उन्हें गौ सम्मान हस्ताक्षर अभियान से जुड़कर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि हस्ताक्षर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए सभी समाजों, धार्मिक संगठनों और गौसेवकों को आगे आना चाहिए। टीकमगढ़ जिले की भागीदारी इतनी व्यापक हो कि गौ सम्मान अभियान में जिले का नाम अग्रणी रहे। उन्होंने 4 दिसंबर को भोपाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गौमाता के सम्मान की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित गौसेवकों ने कहा कि राष्ट्रीय सनातन धर्म से जुड़े कार्यों में सहभागी होना उनके लिए सदैव गौरव और प्रसन्नता का विषय रहा है। विशेष रूप से गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर समाज में उत्साह और निष्ठा दिखाई दे रही है। सत्संग और धार्मिक प्रवचनों में महापुरुषों ने गौमाता को सनातन धर्म का महत्वपूर्ण आधार बताया है। गौसेवा केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, कृषि व्यवस्था और मानव कल्याण से जुड़ा व्यापक दायित्व है। गौसेवकों ने कहा कि भारतीय वेदों, शास्त्रों और सनातन परंपराओं में गौमाता को विशेष स्थान दिया गया है। वर्तमान समय में गौमाता की दुर्दशा समाप्त करने, उनके संरक्षण और सम्मान को बढ़ाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक एवं सक्रिय होने की आवश्यकता है। गौ संरक्षण के प्रयासों को केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित रखने के बजाय सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में आगे बढ़ाना होगा। गौमाता की सुरक्षा और संवर्धन से ही सनातन संस्कृति, कृषि परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर पत्रक पर सहभागिता की गई।

### रानीगंज तिगैला पर पुलिस की घेराबंदी, बाइक पर अवैध शराब जब्त

**टीकमगढ़।** जिले में अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में दिगौड़ा थाना पुलिस ने मंगलवार रात मुखबिर की सूचना पर रानीगंज तिगैला के पास घेराबंदी कर बाइक से अवैध शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी शराब की छह पेटियां, कुल 54 लीटर शराब और एक बाइक जब्त की है। जब्त शराब की कीमत करीब 24 हजार रुपये बताई गई है। दिगौड़ा थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि मंगलवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रानीगंज तिगैला के पास एक व्यक्ति बाइक से अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। पुलिस ने रानीगंज तिगैला पर घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवार को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक पर रखी छह पेटियों में देशी शराब भरी मिली। पेटियों से कुल 54 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से लिधौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बारी निवासी जयहिंद यादव को गिरफ्तार किया। शराब के परिवहन एवं रखने संबंधी वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने शराब के साथ काले रंग की हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपी को जिला न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में दिगौड़ा थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### खाद की उपलब्धता पर सवाल आया तो सोशल मीडिया पर खुद मोर्चे पर उतरे कलेक्टर

# सवालों से बचने के बजाय संतुष्टिपूर्ण जवाब देने को तत्पर दिखे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जिले में डीएपी खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों के बीच चल रही चिंताओं के बीच कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सोशल मीडिया पर भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। खाद की आवक से लेकर किसानों तक उसके वितरण और बुकिंग प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों का जवाब देने के लिए कलेक्टर स्वयं सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि सोशल मीडिया पर एक फॉलोअर ने खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गंभीर टिप्पणी की तो कलेक्टर ने न केवल उसका जवाब दिया, बल्कि खाद बुकिंग की प्रक्रिया और किसानों के सामने आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान भी समझाया। उनके जवाब में प्रशासनिक सक्रियता के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर स्पष्टता लाने का प्रयास दिखाई दिया। दरअसल, दीपावली के अवसर पर टीकमगढ़ जिले के लिए डीएपी खाद की एक रैक पहुंची थी। इस रैक से लगभग 2700 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध हुआ। इसके बाद भाईदूज के दिन एनएफएल की एक और रैक जिले में पहुंच गई। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि गोदामों, सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि परिवहन और स्टॉक के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसानों के लिए खाद की बुकिंग प्रारंभ की जाएगी।

#### किसान ने उठाए सवाल तो कलेक्टर ने दिया जवाब

इसी पोस्ट पर एक फॉलोअर ने खाद की आवक और वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उसने टिप्पणी करते हुए कहा कि जिले में जितना भी खाद आ रहा है, वह केवल सोशल मीडिया पर ही दिखाई दे रहा है, लेकिन किसानों तक जरूरत के मुताबिक डीएपी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों को जितनी मात्रा में खाद चाहिए, उतनी उपलब्ध नहीं हो रही है। फॉलोअर ने कलेक्टर श्रोत्रिय से सवाल किया कि आखिर इस व्यवस्था में क्या स्थिति है और कहां समस्या आ रही है। टिप्पणी में यह मुद्दा भी उठाया गया कि जिन किसानों के नाम पर खाद की बुकिंग नहीं हो पा रही है, उनके परिवार खेती कैसे करेंगे। सरकार को नगद भुगतान पर भी खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। सहकारी समितियों को जो खाद दिया जा रहा है, उसी में से किसानों को नगद भुगतान पर खाद उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी किसान को खेती के लिए परेशान न होना पड़े।

#### बोले कलेक्टर- खाद आवक और वितरण कोई खेल नहीं

फॉलोअर की इस टिप्पणी पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया पर ही जवाब देते हुए स्पष्ट कहा कि खाद की आवक और वितरण कोई खेल नहीं है। उन्होंने मृत किसानों के नाम पर खेती करने वाले परिवारों की समस्या का समाधान बताते हुए कहा कि ऐसे परिवार ई-विकास पोर्टल अथवा ऐप पर जाकर मृत किसान वाले विकल्प में खाद की बुकिंग कर सकते हैं। इसके बाद संबंधित एसडीएम के पास जानकारी पहुंचेगी और परीक्षण के बाद वे उसे अप्रूव कर देंगे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में डीएपी की दो ट्रेनें पहुंच चुकी हैं और प्रत्येक किसान खाद की बुकिंग कर सकता है। उन्होंने बताया कि दो दिन बाद किसान बुकिंग कर सकेंगे। खाद बुकिंग की प्रक्रिया को लेकर किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए ई-विकास ऐप पर अलग-अलग परिस्थितियों में बुकिंग करने से संबंधित वीडियो भी उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने किसानों से इन वीडियो को देखकर प्रक्रिया समझने की अपील की।

#### सोशल मीडिया को बनाया संवाद,समाधान का माध्यम

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की इस सक्रियता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उन्होंने खाद की आवक की जानकारी साझा करने तक अपनी भूमिका सीमित नहीं रखी, बल्कि किसानों की टिप्पणियों और सवालों का जवाब देकर उनकी समस्याओं के समाधान का रास्ता भी बताया। आमतौर पर सरकारी व्यवस्थाओं को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठते हैं, लेकिन कई बार उन सवालों के जवाब नहीं मिल पाते। ऐसे में जिले के कलेक्टर श्रोत्रिय का सीधे सामने आकर जवाब देना प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद की एक सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करता है। कलेक्टर श्रोत्रिय के जवाब के बाद कई किसानों ने भी उनकी बात का समर्थन किया और बुकिंग प्रक्रिया को लेकर दी गई जानकारी को उपयोगी बताया। हालांकि, खाद की वास्तविक उपलब्धता और किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर वितरण सुनिश्चित करना अब प्रशासन के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दो रैक आने के बाद किसानों को बुकिंग और वितरण में कितनी राहत मिलती है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। फिलहाल खाद को लेकर उठ रहे सवालों के बीच कलेक्टर श्रोत्रिय की सोशल मीडिया पर सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है।

### भाई दूज पर कोटरा गांव में फिर दिखाई दी गंगा-जमनी संस्कृति की झलक

# हिंदू बहन ने मुस्लिम भाई के माथे पर तिलक लगाया, भाईदूज पर जिलेभर में रहा उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वैसे तो भाई दूध जिले भर में हर्षोल्लाह से मनी। भाई दूज के रूप में दीपावली उत्सव का अंतिम पर्व होने के साथ ही पांच दिवसीय उत्सव संपन्न हो गया। बहनों ने भाइयों के तिलक निकाल कर लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान 33 सालों से जो हिंदू बहन अपने मुसलमान भाई को हर तीज त्यौहार पर भूलती नहीं इस बार भी उसने अपने उसी मुस्लिम भाई के माथे पर तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र की कामना की। हम बात कर रहे हैं कोटरा गांव की हिंदू बहन गजरी और मुस्लिम भाई निजामुद्दीन के पवित्र प्रेम की जो विगत 33 वर्षों से इसी तरह बहन भाई के संबंध हर तीज त्योहार पर मनाते चले आ रहे हैं।

आज के दौर में जहां धर्म और जातियों की दीवारें इंसानों को बांटने का काम करती हैं, वहीं मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले से इंसानियत और भाईचारे की तस्वीर सामने आई है जो हर किसी का दिल जीत लेगी। जिले के कोटरा गांव के रहने वाले निजामुद्दीन खान (जिन्हें लोग प्यार से 'निजामुद्दीन चाचा कोटरा' भी कहते हैं) और सेमलदा गांव की आदिवासी महिला गजरी के बीच का पवित्र रिश्ता सांप्रदायिक सौहार्द की एक जीवंत मिसाल पेश कर रहा है। यह अनोखा रिश्ता कोई एक-दो साल का नहीं, बल्कि पिछले 33 वर्षों से पूरी निष्ठा और स्नेह के साथ निभाया जा रहा है।





## सगे भाई से भी बढ़कर है रिश्ता

निजामुद्दीन खान अपनी मुस्लिम पहचान से परे उठकर हिंदू बहन गजरी बाई को अपनी सगी बहन से भी बढ़कर मानते हैं। पिछले तीन दशकों से अधिक समय से हर साल रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गजरी अपने भाई निजामुद्दीन की कलाई पर राखी बांधने कोटरा गांव पहुंचती हैं। इस भाई-बहन के इस अटूट प्रेम में कभी धर्म या जाति की कोई दीवार नहीं आई। दीपावली की दूज पर भाई का नेग और आशीर्वाद की रस्मो को लगभग 33 साल से निभा रहे है। यह रिश्ता सिर्फ रक्षाबंधन एवं भाई दूज तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दोनों परिवारों के बीच हर सुख-दुख और त्योहार में गहरा मेल-मिलाप रहता है। दीपावली के ठीक दूसरे दिन (दूज) पर निजामुद्दीन खुद अपनी बहन गजरी के घर जाते हैं। वहां वे बहन और उसके पूरे परिवार को नए कपड़े (नेग) भेंट करते हैं और बहन से आशीर्वाद लेते हैं।

## जेल पर उमड़ी बहनों की भीड़

दूज जिला कारागार में भी भावुक माहौल के बीच मनाया गया। जेल में बंद भाइयों को दूज का टीका लगाने और मिठाई खिलाने के लिए सुबह से ही बहनों की भीड़ उमड़ पड़ी।जिला कारागार के बाहर सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतार लग गई। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनों को बारी-बारी से जेल के अंदर जाने का अवसर दिया गया। अपनों से मिलने की आस में महिलाएं और युवतियां हाथों में मिठाई और पूजन सामग्री लेकर कारागार पहुंचीं।बहनों ने जेल में निरुद्ध अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी बहनों को पर्व की बधाई दी और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कई बहनें भाइयों से मिलकर भावुक हो गईं। किसी ने भाई के जल्द घर लौटने की कामना की तो किसी ने परिवार का हाल साझा किया। जेल की सलाखों के बीच मनाए गए इस पर्व पर भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता और भावनाएं साफ नजर आईं।

### शक्ति कलश पूजन के साथ हुआ यज्ञ का आगाज

# 21 से 24 नवंबर तक आयोजित होगा 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गायत्री परिवार के तत्वावधान एवं शांति कुंज के मार्गदर्शन में दिनांक 21 नवंबर से 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी पूर्णाहुति 24 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन प्रखर प्रज्ञा सजल श्रद्धा एवं प्रज्ञेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं महाप्रसादी के साथ होगी

यज्ञ के आगाज के लिए गत दिवस गायत्री शक्तिपीठ पर शक्तिकलश स्थापना का आयोजन किया गया जिसमें विधि विधान पूर्वक व्यासपीठ पर विराजित चौथमल शर्मा ने शक्ति कलश का पूजन कर उसकी विधि विधान पूर्वक स्थापना की तथा मंत्रोच्चार के साथ गायत्री महायज्ञ के आयोजन की सफलता की कामना की गई।

गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान ने कि यह प्रसन्नता की बात है कि ईश्वर की अनुकम्पा से हमे यह सुअवसर प्राप्त हुआ है। इस कार्य के सफल संचालन हेतु समितियों का गठन किया गया है ऐसे में जिन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें समर्पण भाव से पूरा करना है।इस अवसर पर पूरण मल जांगिड़, राजेन्द्र गुप्ता, कैलाश राठौर, जगदीश शर्मा, ब्रजनेश सिंह परिहार, गणेश शर्मा,महावीर सुमन, प्रदीप सुमन, अंजना, डॉ ओमप्रकाश टकसाली, श्री मति विष्णु कांता टकसाली, निशांत चौहान, सहित बडी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे।



## नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य आज

श्योपुर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2027 के मान से फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2027 का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 12 नवम्बर को किया जायेगा, जिसमें विधानसभा क्षेत्र 01 श्योपुर एवं 02 विजयपुर के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची का वाचन होगा। जिसमें मतदाता स्वयं अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है। ऐसे मतदाता जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में नही जुड़ पाया है या जिनकी आयु 01.01.2027 को 18 वर्ष पूर्ण होगी, नाम जुडवाने हेतु बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 06 भर सकते है। यदि मतदाता के नाम/पिता का नाम/जन्म दिनांक/पता आदि में कुछ त्रुटि है तो संशोधन हेतु फार्म 8 भर सकते है, जो मतदाता अन्य जगह चले गये है उनका नाम मतदाता सूची से हटवाने हेतु फार्म-7 भरकर दे सकते है, और ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यू हो चुकी है उनके परिवार से बीएलओ नोटिस देकर हटाने की कार्यवाही कर सकता है। स्पीड पोस्ट के माध्यम से नवीन परिचय पत्र मतदाता को प्रदान किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शीला दाहिमा ने मतदाताओ से अपील की है कि वह अपना नाम जुडवाने किसी प्रकार का संशोधन कराने /हटाने संबंधी आवेदन बीएलओ के माध्यम से कर सकतें है।

# गैंगरेप के 5 हजार के इनामी शैलू यादव समेत तीन गिरफ्तार, भागते समय गिरकर घायल हुआ आरोपी







हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर पुलिस ने भुजपुरिया गांव में दी दबिश, फरियादी पक्ष पर फायरिंग के मामले में भी दर्ज है हत्या के प्रयास का केस

विजयपुर। विजयपुर थाना पुलिस ने गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी शैलू उर्फ शैलेन्द्र यादव समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शैलू उर्फ शैलेन्द्र यादव निवासी भुजपुरिया, लालू यादव निवासी भुजपुरिया और अनुज उर्फ अरविंद धाकड़ निवासी गढ़ी शामिल हैं। पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर भुजपुरिया गांव में दबिश देकर तीनों को पकड़ा। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी शैलू यादव भागने की कोशिश में गिरकर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### फरियादी पक्ष पर फायरिंग का आरोप

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने फरियादी पक्ष पर फायरिंग भी की थी। इस मामले में विजयपुर थाने में अपराध क्रमांक 402/26 के तहत बीएनएस की धारा 109(1), 115(2), 296(ए), 351(3) और 3(5) में प्रकरण दर्ज किया गया है।तीनों पर 15 से अधिक आपराधिक मामले

पुलिस के अनुसार शैलू यादव, लालू यादव और अनुज धाकड़ आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, डकैती, फिरौती के लिए अपहरण, मारपीट, जमीन पर कब्जा और आर्म्स एक्ट सहित विजयपुर, अगरा, बरगवां एवं अन्य थानों में 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी यासमीन खान के साथ उपनिरीक्षक कौशलेंद्र सिंह राजावत, आरक्षक बबीने लाल पाण्डेय, छोटेलाल, सुरेंद्र मीणा, नरेंद्र शर्मा, राजकुमार मीणा, आलोक, इकबाल सिंह एवं चालक धारा धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पराली प्रबंधन के तहत जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति 2014 के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित विभिन्न उपायों को क्रियान्वित करने तथा पराली घटनाओं की मॉनीटरिंग के लिए डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी के साथ पराली प्रबंधन अंतर्गत स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोलरूम के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर कंट्रोल रूम नोडल अधिकारी श्री नवीन कुमार, सहायक कृषि यंत्री तथा गत दिवस कंट्रोलरूम में ड्यूटी से अनुपस्थिति पर विवेक धाकड़, तकनीकी सहायक, कृषि अभियांत्रिकी विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने पराली जलाने पर प्रतिबंध संबंधी आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसानों तथा बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) के संचालित कंबाइन हार्वेस्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिले की सीमा में बिना एसएमएस के संचालित कंबाइन हार्वेस्टरों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिला परिवहन अधिकारी को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए।

**बिना एसएमएस कंबाइन हार्वेस्टर पर 5 हजार रुपये का जुर्माना:** पराली प्रबंधन के तहत तहसील श्योपुर के ग्राम अजापुरा में देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि एवं राजस्व अधिकारियों के साथ जिला परिवहन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) के संचालित कंबाइन हार्वेस्टर पाए जाने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिले में अब तक दो कंबाइन हार्वेस्टरों पर कुल 10 हजार रुपये के जुर्माने की कार्रवाई की जा चुकी है।

कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए की ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों एवं जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बिना एसएमएस के संचालित कंबाइन हार्वेस्टर पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# संकट में संरक्षित धरोहर, उपेक्षा की दीमक चट कर रही ऐतिहासिक धरोहर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

उग रहा है दर-ओ-दीवार पे सब्जा 'गालिब', हम बयाबाँ में हैं और घर में बहार आई है। मशहूर शायर मिर्जा गालिब की गजल का यह शेर पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित घोषित की गई जिले की उन इमारतों पर सटीक बैठता है जिन्हें विभाग संरक्षित घोषित कर शायद उनका संरक्षण करना भूल गया।

जिला मुख्यालय पर राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा पाली रोड स्थित कब्रिस्तान में मुनव्वर शाह का मकबरा और किले में तीन स्थल संरक्षित इमारत घोषित की गई हैं। लेकिन इन इमारतों का संरक्षण सिर्फ नाम भर का है। विभाग इन्हें शायद संरक्षित घोषित कर भूल चुका है। इमारत जर्जर हालत में पहुंच गई है। मुन्वर शाह के मकबरे की बात करें तो 20 साल पहले इसके गुंबद का मेंटेनेंस हुआ था उसके बाद विभाग ने इस और मुड़कर भी नहीं देखा कि इस संरक्षित इमारत का क्या हाल है। इमारत में जगह-जगह पेड़ उगने से जर्जर होने गिरने का अंदेशा हो गया है। उधर किला परिसर निजी होटल व्यवसायी को सौंप देने से वहां संरक्षित घोषित की गई मनोहर दास की क्षत्रिय एवं घुड़साल, इत्यादि इमारत का क्या हो रहा है इसकी जानकारी तक किसी को नहीं है कुल मिलाकर जिले में राज्य पुरातत्व विभाग की संरक्षित घोषित की गई इमारतें विभाग के नहीं ईश्वर के संरक्षण के भरोसे ही चल रही है।



## छप्पन भोग और अन्नकूट महोत्सव संपन्न

चंदेरी। श्री फुहारी बेंकेश बालाजी मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ छप्पन भोग एवं अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया । मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक सजावट से सजाया गया। भगवान का अलौकिक श्रृंगार कर उन्हें विभिन्न प्रकार के पकवानों एवं व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया गया। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूजा-अर्चना के लिए शहर सहित आसपास के श्रद्धालु पहुंचे।

### तहसीलदार से लेकर कलेक्टर तक लगाई गुहार नतीजा सिफर

# कब्रिस्तान के रास्ते पर भी दबंग का अतिक्रमण राजस्व विभाग नही कर रहा कार्रवाई, नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भले ही सरकार श्मशान और कब्रिस्तान की भूमि पर से अतिक्रमण हटाने के कितने ही निर्देश जारी कर दे पर स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से आज भी दर्जनों श्मशान और कब्रिस्तान की जमीन अतिक्रमण की जद में है। कई जगह तो पहुंचने का रास्ता भी नहीं मिलता जिसकी बानगी कई बार समाचारों के माध्यम से देखने को मिलती है कोई खेत में मजबूरी में शवदाह करता दिखाई दिया तो कोई सड़क पर तो कोई घर पर आंगन में अंतिम संस्कार करने के लिए मजबूर होता दिखा। 1 साल पहले बीरपुर में ही शमशान नहीं होने से हंगामा प्रदेश स्तर पर हो गया था जब दलित समाज को श्मशान घाट में दाह संस्कार नहीं करने देने का आरोप लगा था। बदनामी होने पर शासन में संज्ञान लेकर श्मशान के लिए नई जमीन आवंटित कर दी तब जाकर शव का अंतिम संस्कार हुआ। इसी बीरपुर में मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान में दबँगो द्वारा रास्ते में किए गए अतिक्रमण के कारण लोगों को कब्रिस्तान तक जाना मुश्किल हो रहा है। आश्चर्य की बात तो यह कि इसकी शिकायत व तहसीलदार से लेकर कलेक्टर से कई बार कर चुके हैं लेकिन अतिक्रमण हटाने के वजह राजस्व विभाग अमला उलटे अतिक्रमण कारियो का ही सपोर्ट कर रहा है।



वीरपुर में कब्रिस्तान तक जाने वाले आम रास्ते में हो रहे अतिक्रमण को लेकर मुस्लिम समाज में अतिक्रमणकारियो के साथ कार्रवाई न करने वाले राजस्व विभाग के प्रति नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि कब्रिस्तान तक जाने का यही इकलौता रास्ता है। इसके अलावा कब्रिस्तान तक पहुंचने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। ग्रामीण सालों से इस रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई आज तक नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जब गांव में दिनेश भाई सरपंच थे, उस समय इस रास्ते का नामांकन वगैरह हुआ था। कागजों में रास्ता दर्ज हो गया था। लेकिन उसके बाद बगल के खेत वाले ने इस रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया और राजस्व विभाग से अतिक्रमण को स्टे दिला दिया जबकि इस मामले में राजस्व विभाग को अपना पक्ष रखते हुए बताना था कि उक्त रास्ता किसी की निजी भूमि नहीं बल्कि कब्रिस्तान तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है।पटवारी और राजस्व विभाग ने इस जानकारी को छुपाया जिससे आज मुस्लिम समाज को अपने खुद के कब्रिस्तान में जाने के लिए रास्ता तक नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया की ऐसी ही स्थिति रही तो कभी भी शव दफनाने को लेकर कब्रिस्तान जाने को लेकर गंभीर विवाद उत्पन्न हो सकता है। ऐसी स्थिति निर्मित ना हो इसलिए प्रशासन तत्काल मामले में हस्तक्षेप कर कब्रिस्तान तक पहुंचाने के लिए सम सुलभ रास्ता उपलब्ध कराए।

मुमताज खान सदर कब्रिस्तान कमेटी बीरपुर ने बताया कि मैंने कई बार जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन दिया हर बार कलेक्टर तहसीलदार को निर्देश देते रहे हैं लेकिन कभी अतिक्रमण नहीं हटाया कब्रिस्तान के रास्ते में अतिक्रमण होने की वजह से शव दफनाने जाने में भी परेशानी हो रही है।

# जनसुनवाई में 25 आवेदक अपनी समस्याए लेकर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 25 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई में ग्राम मूडरा निवासी साकिर अली द्वारा खाद की टोकन संबंधी समस्या,ग्राम मूडरा मल्हरागढ निवासी कैलाश दांगी द्वारा आदेश अमल कराये जाने,मुंगावली निवासी धर्मवीर पवार द्वारा भूमि पर कब्जा करने,पिपरई निवासी खतीजा खान द्वारा सीमांकन कराये जाने,ग्राम खोरीबरी निवासी शिशुपाल द्वारा पट्टे की बटकान आदेश की प्रति उपलब्ध कराये जाने,ग्राम बांसाखेडी निवासी दशरथ जाटव द्वारा बिजली कनेक्शन दिलाये जाने,ग्राम केशैपुर निवासी विमलाबाई द्वारा मारपीट संबंधी सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए है। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ एवं सीएमओ ने गूगल मीट से जुडकर भाग लिया।

## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार कार से स्टंट करना पड़ा महंगा, पुलिस ने काटा 5 हजार का चालान

**शिवपुरी।** यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से कार चलाना एक वाहन चालक को महंगा पड़ गया। बैराड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार चालक के खिलाफ 5 हजार रुपये का चालान काटा और भविष्य में इस तरह की लापरवाही नहीं करने की सख्त हिदायत दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर की रात बैराड़ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की एक चार पहिया गाड़ी का चालक सड़क पर तेज गति से वाहन चलाते हुए खतरनाक स्टंट कर रहा है। इतना ही नहीं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने और कार से स्टंट करने की भी शिकायत मिली थी। सूचना मिलते ही थाना बैराड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और संबंधित कार को रोककर चालक के विरुद्ध यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन का कुल 5 हजार रुपये का चालान काटा। साथ ही चालक को समझाइश देते हुए भविष्य में इस प्रकार की गलती नहीं दोहराने की हिदायत दी।

### चार लोगों पर पागल कुत्ते ने किया हमला



**बीना।** चंद्रशेखर वार्ड के औरैया क्षेत्र में बुधवार को एक पागल कुत्ते ने चार लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें एक पांच साल का बच्चा शामिल है, जिसे कुत्ते ने बुरी तरह घायल कर दिया है। बच्चे के चेहरे पर सात टांके आए हैं, जबकि तीन अन्य लोग कुत्ते के हमले से बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी नपा कर्मचारी कुत्ते को पकड़ने नहीं पहुंचे। हींगटी रोड निवासी सोनू राजपूत ने बताया कि कुत्ता सुबह से ही कॉलोनी में घूम रहा था। इसी दौरान सत्संग भवन के पीछे मुख्य सड़क पर अपने घर के बाहर खेल रहे रुद्र प्रताप सिंह पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्चे को बुरी तरह जख्मी कर दिया। घटना के बाद परिजन तत्काल उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान चेहरे पर सात टांके लगाने पड़े। बच्चे पर हमला करने के बाद कुत्ता औरैया क्षेत्र में पहुंचा। यहां उसने रास्ते से गुजर रहे एक युवक पर हमला कर दिया। युवक ने किसी तरह भागकर खुद को बचाया, हालांकि कुत्ते के पंजे लगने से वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार कुत्ते ने दो अन्य लोगों पर भी हमला करने का प्रयास किया लेकिन सतर्कता के चलते वे बच गए।

### बैंक प्रबंधन की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

# यूको बैंक की दीवार में छेद कर चोरी की कोशिश, पुलिस सायरन से भागा बदमाश

**सब्बल लेकर बैंक में घुसने का प्रयास, सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई पूरी घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी




जिले के बैराड़ कस्बे में यूको बैंक में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक अज्ञात युवक सब्बल लेकर बैंक के पीछे पहुंचा और दीवार में छेद कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पुलिस गश्ती दल का सायरन सुनकर बदमाश घबरा गया और मौके से भाग निकला। चोरी की यह कोशिश बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

बैंक के सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, अज्ञात युवक रात करीब 3:47 बजे बैंक के पिछले हिस्से में पहुंचा। उसके हाथ में सब्बल था। उसने बैंक की दीवार में छेद कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश शुरू कर दी। इसी दौरान रात करीब 3:50 बजे बैराड़ थाना पुलिस का गश्ती दल सायरन बजाते हुए बैंक के नजदीक से गुजरा। पुलिस वाहन का सायरन सुनते ही युवक अपनी कोशिश छोड़कर वहां से भाग गया। फुटेज में युवक रात करीब 4:01 बजे जाते हुए दिखाई दे रहा है। बुधवार सुबह बैंक खुलने पर प्रबंधन की नजर दीवार में किए गए छेद पर पड़ी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, जिनमें संदिग्ध युवक की गतिविधियां सामने आई हैं। घटना के दौरान बैंक में कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। रात के समय बैंक की सुरक्षा पुलिस गश्त और अन्य सुरक्षा इंतजामों पर निर्भर थी। ऐसे में बदमाश का बैंक की दीवार तक पहुंचकर उसे तोड़ने का प्रयास करना सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े करता है।

**इनका कहना है...**

बैंक मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**रवि चौहान,** थाना प्रभारी बैराड़

### कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

# 13 को पिछोर आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव व केंद्रीय मंत्री सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 13 नवंबर को प्रस्तावित पिछोर दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के साथ पिछोर पहुंचकर कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने छत्रसाल स्टेडियम स्थित कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की और कार्यक्रम के दौरान वीआईपी सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पार्किंग तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पिछोर विधायक सहित पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री के आगमन को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासनिक और पुलिस अमला प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा एवं व्यवस्थागत तैयारियों में जुटा हुआ है।

# जुआ खेलते 7 आरोपी पकड़े गए, तीन बाइक व नकदी सहित 1.50 लाख की सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शाढ़ौरा पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद जुआ के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को पकड़ा है,जिनके पास से 3 बाईक और नगद रूपए बरामद किए गए हैं। पुलिस कार्यवाही के दौरान पकड़े गए आरोपियों में राकेश अहिरवार उम्र 38 वर्ष, राजकुमार अहिरवार उम्र 20 वर्ष, नरेंद्र शर्मा उम्र 42 वर्ष, दीपेश जाटव उम्र 19 वर्ष, कल्ला उम्र 52 वर्ष, पवन उम्र 25 वर्ष, इन्दर अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासी पीलीघटा शामिल थे। कार्यवाही के दौरान एक आरोपी रिंकु पुत्र किशन अहिरवार मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मौके से नगदी एवं 03 मोटरसाइकिल सहित करीब 1,50,000 रुपये का सामान जप्त किया गया।

**देहात पुलिस ने जुआं खेलते हुए 12 आरोपियों को किया गिरफ्तार,** थाना देहात द्वारा अवैध जुए के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए संगठित रूप से जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि थाना देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोन रोड स्थित प्रेम किशन वेयर हाउस के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे थे। सूचना पर थाना प्रभारी देहात द्वारा पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने मौके से जुआ खेलते हुए धनकुमार पिता राजाराम कुशवाह उम्र 24 वर्ष, मनोज पिता किशनलाल कोरी उम्र 38 वर्ष, राजीव पिता जगराम सिंह यादव उम्र 27 वर्ष, गोपाल पिता खूब सिंह ओझा उम्र 36 वर्ष, पहलवान सिंह पिता बलबीर सिंह परिहार उम्र 42 वर्ष, शिवकुमार पिता रामकिशन साहू उम्र 39 वर्ष, हंसराज पिता रामलाल साहू उम्र 42 वर्ष, प्रवीण कुमार पिता कैलाश चंद्र जैन उम्र 50 वर्ष, बृजेश पिता बलबंत सिंह साहू उम्र 26 वर्ष, रोहित पिता राजाराम आदिवासी उम्र 20 वर्ष, लाल सिंह पिता घासीराम खंगार उम्र 33 वर्ष एवं राजेश पिता समरथ साहू उम्र 50 वर्ष, समस्त निवासीगण शंकरपुर मगरदा, जिला अशोकनगर को पकडा। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे एवं मौके से कुल 34,600 नगद तथा 52 ताश के पत्तों की एक गड्डी विधिवत जप्त की गई।

### ब्रह्माकुमारीज़ के खिमलासा सेवाकेंद्र पर मनाया दीपोत्सव और भाईदूज का पर्व

# आध्यात्मिक दृष्टि से यह परंपरा हमें अपने कर्मों का लेखा-जोखा करने की प्रेरणा देती है : सरोज दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के खिमलासा सेवाकेंद्र पर दीपावली और भाईदूज पर्व मनाया गया। साथ ही सेवाकेंद्र के नौ वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस मौके पर बीना सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सरोज दीदी ने कहा कि दीपावली पर नए बहीखाते खोलने की परंपरा है। व्यापारी पुराने हिसाब को पूरा करके नए वर्ष की शुरुआत करते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से यह परंपरा हमें अपने कर्मों का लेखा-जोखा करने की प्रेरणा देती है। हमारे जीवन में जो कुछ भी घटित होता है, उसमें हमारे कर्मों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हर संकल्प और हर कर्म आत्मा के संस्कारों पर अपनी छाप छोड़ता है। बार-बार किए गए कर्म धीरे-धीरे हमारी आदत और फिर स्वभाव बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि आने वाला समय बेहतर हो, तो केवल कैलेंडर बदलना पर्याप्त नहीं है। हमें अपने कर्मों की दिशा बदलनी होगी। यदि पुराने वर्ष में क्रोध अधिक किया है, तो नए वर्ष में धैर्य का अभ्यास करें। यदि संबंधों में अपेक्षाएं अधिक रखी हैं, तो अब निःस्वार्थ स्नेह देना सीखें। यदि मन में दूसरों के प्रति शिकायतें रही हैं, तो अब शुभभावना का नया खाता खोलें।

खिमलासा सेवाकेंद्र प्रभारी बीके जानकी दीदी ने कहा कि दीपक को निरंतर जलाए रखने के लिए उसमें तेल या घी डालना आवश्यक है। इसी प्रकार आत्मा को भी आंतरिक शक्ति और शांति की आवश्यकता होती है। संसार से मिलने वाला सुख कुछ समय के लिए प्रसन्नता दे सकता है, लेकिन स्थायी शांति का अनुभव आत्मिक स्थिति से होता है। परमपिता परमात्मा शिव शांति, प्रेम, पवित्रता, आनंद और शक्तियों के अनंत स्रोत हैं। सहज राजयोग वह विधि है, जिसके माध्यम से आत्मा परमात्मा से अपना संबंध जोड़ती है। जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा को याद करता है, तब वह बाहरी परिस्थितियों से ऊपर उठकर आंतरिक शांति का अनुभव कर सकता है। दीपावली का एक नया संकल्प यह भी हो सकता है कि हम अपने दिन की शुरुआत परमात्म स्मृति और सकारात्मक संकल्पों से करें। इससे पूरे दिन की मानसिक दिशा बदल सकती है। बीके गुड्डी दीदी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बीके मधु बहन ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से सभी को गहन शांति की अनुभूति कराई। कुमारी जानवी, प्रतिज्ञा, तनु, आशी, पीहू, चंचल ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर बीके रिया, नारायण चौरसिया, एडवोकेट जितेंद्र सिंह राजपूत, गुलाब भाई, अनिल भाई, जिनेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने विधायक को बताया मप्र का कोहिनूर

# 'विकास व कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए 'पागल' हैं हमारे विधायक प्रीतम लोधी'

**शिवपुरी।** भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने पिछोर विधायक प्रीतम लोधी की कार्यशैली और क्षेत्र के विकास के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें मध्यप्रदेश का कोहिनूर हीरा बताया। एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हां, हमारा विधायक पागल है, लेकिन यह पागलपन किसी गलत काम के लिए नहीं, बल्कि पिछोर विधानसभा के एक-एक कार्यकर्ता के सम्मान, क्षेत्र की प्रगति और जनता की खुशहाली के लिए है।

जसवंत जाटव ने कहा कि विधायक प्रीतम लोधी पिछोर को जिला बनाने के संकल्प के साथ लगातार प्रयास कर रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति विकास, उन्नति और खुशहाली के लिए इस तरह का पागलपन करता है, तो ऐसा पागलपन उन्हें स्वीकार है। उन्होंने कहा कि प्रीतम लोधी अपना घर-परिवार छोड़कर पिछोर के नागरिकों के कल्याण और कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए 24 घंटे मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री और संगठन के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका लक्ष्य पिछोर विधानसभा को विकास की नई पहचान दिलाना है।



### जिला, किला और तला के मुद्दों पर मुख्यमंत्री से अपेक्षा

13 नवंबर को मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित दौरे को पिछोर क्षेत्र के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछोर को जिला बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। विधायक लोधी भी हाल ही में प्रेस वार्ता के दौरान जिला, किला और तला से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा चुके हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे पिछोर के लिए विकास की सौगातें लेकर आएं, लेकिन इसके साथ ही जिला बनाने सहित किला और तला से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी गंभीरता से विचार कर आवश्यक तैयारी के साथ आएं।



### हॉस्पिटल के बाहर से दिनदहाड़े बाइक चोरी, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**शिवपुरी।** शहर में वाहन चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोर अब दिनदहाड़े भी वारदातों को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। चतुर्भुज हॉस्पिटल में ड्यूटी कराने पहुंचे एक युवक की लॉक लगी मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को आवेदन देकर अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाकर चोरों का पता लगाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम शंकरपुर निवासी विशाल यादव पुत्र स्वर्गीय रामगोपाल यादव 10 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बाइक से चतुर्भुज हॉस्पिटल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक अस्पताल के सामने खड़ी कर लॉक लगा दिया और अंदर चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो मौके से उनकी मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास काफी तलाश करने और लोगों से पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस थाना कोतवाली शिवपुरी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। आवेदन में उन्होंने चतुर्भुज हॉस्पिटल सहित आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाने की मांग की है, ताकि मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी की पहचान हो सके और चोरी गई बाइक बरामद की जा सके।

### तेज रफ्तार ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए भोपाल मंडल की पहल

# बीना से खंडवा तक 530 किलोमीटर रेलखंड के दोनों ओर बनेगा सुरक्षा घेरा

**बीना।** रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित, संरक्षित एवं निर्बाध बनाने तथा रेलवे ट्रैक पर मवेशियों के प्रवेश से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल द्वारा डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में व्यापक स्तर पर संरक्षा संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीना से खंडवा तक रेलखंड के दोनों ओर 530 किलोमीटर लंबाई में सुरक्षा घेरा (फेंसिंग) लगाने की महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक 74 किलोमीटर सुरक्षा घेरा लगाने का कार्य पूरा किया जा चुका है। इसमें खंडवा-इटारसी रेलखंड पर 49 किलोमीटर, इटारसी-भोपाल रेलखंड पर 4 किलोमीटर तथा भोपाल-बीना रेलखंड पर 21 किलोमीटर का कार्य शामिल है। पूर्ण किए गए कार्य पर लगभग 2.88 करोड़ रुपये की लागत आई है। शेष कार्य को तेजी से पूरा करते हुए मार्च 2027 तक संपूर्ण 530 किलोमीटर सुरक्षा घेरा तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मवेशियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने तथा उन्हें रेलवे ट्रैक पर आने से रोकने के लिए बुधनी-बरखेड़ा घाट सेक्शन में कुल 4 एनिमल ओवरपास का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है। इनमें 3 ओवरपास अप लाइन तथा 1 ओवरपास मिडिल लाइन में निर्मित किए गए हैं। इन विशेष संरचनाओं के माध्यम से मवेशियों को रेलवे ट्रैक पार करने के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराया गया है।



### 130 किमी/घंटा एवं उससे अधिक गति से ट्रेनों के संचालन में मिलेगी मदद

भोपाल मंडल में 130 किलोमीटर प-ति घंटे एवं उससे अधिक गति से ट्रेनों के सुरक्षित एवं निर्बाध संचालन की दिशा में ये कार्य विशेष महत्व रखते हैं। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर सुरक्षा घेरा और उपयुक्त स्थानों पर एनिमल ओवरपास की व्यवस्था से मवेशियों के ट्रैक पर पहुंचने की आशंका कम होगी। इससे ट्रेनों के परिचालन में अनावश्यक व्यवधान, संभावित दुर्घटनाओं तथा रेलवे परिसंपत्तियों को होने वाले नुकसान की रोकथाम में मदद मिलेगी।

# नवीन फल मंडी के अध्यक्ष बने अकबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर की झांसी रोड स्थित हवाई पट्टी के पास नॉन कोलू में शुरू हुई नवीन फल मंडी में व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडी के सुचारू संचालन, विकास और व्यापारियों की सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी पांच वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अकबर राईन को अध्यक्ष, असलम हुसैन को उपाध्यक्ष तथा वीरेंद्र खटीक को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी के गठन पर मंडी व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देने, मंडी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने का भरोसा दिलाया।

**13 नवंबर को होगा केंद्रीय मंत्री सिंधिया का धन्यवाद समारोह:** नवीन फल मंडी शुरू होने पर व्यापारियों द्वारा केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए 13 नवंबर को धन्यवाद समारोह आयोजित किया जाएगा। व्यापारियों का कहना है कि नवीन फल मंडी की स्थापना और उसे शुरू कराने में सिंधिया की पहल महत्वपूर्ण रही है। इसी के चलते सभी व्यापारी एकजुट होकर उनका आभार व्यक्त करेंगे।



### व्यापारियों ने उठाईं मूलभूत सुविधाओं की मांगें

नवीन फल मंडी में व्यापारियों ने कुछ जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है। व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा मंडी परिसर में पानी की टंकी का निर्माण कराया जाए, ताकि पेयजल की समस्या दूर हो सके। इसके अलावा मंडी परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवॉल, ग्राउंड में पक्के फर्श का निर्माण तथा मुख्य द्वार पर गेट लगवाया जाए। व्यापारियों का मानना है कि इन सुविधाओं के उपलब्ध होने से मंडी का संचालन व्यवस्थित होगा और व्यापारियों को बेहतर माहौल मिल सकेगा।

**85 लाख रुपये की लागत से तैयार हुई नवीन फल मंडी-** गौरतलब है कि नगर पालिका द्वारा नवीन फल मंडी का निर्माण करीब 85 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। इस परियोजना का भूमिपूजन वर्ष 2017 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा किया गया था। अब मंडी के संचालन के साथ व्यापारियों को उम्मीद है कि यहां आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी जल्द विकसित की जाएंगी।

### जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं के बीच 1,735 बहनों ने भाइयों से की मुलाकात

# भाईदूज पर शिवपुरी की पांच जेलों में उमड़ा बहनों का स्नेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

भाईदूज के पावन पर्व पर बुधवार को शिवपुरी जिले की पांच जेलों में भाई-बहन के प्रेम और आत्मीयता का अनूठा नजारा देखने को मिला। जेलों में निरुद्ध अपने भाइयों को तिलक लगाने और उनसे मुलाकात करने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। जिले की पांचों जेलों में कुल 439 बंदियों से मिलने के लिए 1,735 बहनें जेल परिसर पहुंचीं। इस अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा विशेष रूप से खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई थी। जिले की सर्किल जेल शिवपुरी में सबसे अधिक बहनों की उपस्थिति रही। यहां 248 बंदियों से मिलने के लिए 1,003 बहनें पहुंचीं। उनके साथ 264 बच्चे भी आए। भाईदूज के अवसर पर अपने भाइयों से मिलकर बहनों ने पर्व की खुशियां साझा कीं। वहीं, बंदियों के लिए भी यह अवसर भावनात्मक रहा। जिले की अन्य जेलों में भी भाईदूज पर मुलाकात के लिए बहनों की अच्छी खासी संख्या पहुंची। पोहरी उपजेल में 11 बंदियों से मिलने के लिए 26 बहनें आईं। कोलारस जेल में 15 बंदियों से 25 बहनों ने मुलाकात की। पिछोर जेल में 84 बंदियों से मिलने के लिए 289 बहनें पहुंचीं, जबकि करेरा जेल में 81 बंदियों से मुलाकात करने के लिए 392 बहनें जेल परिसर आईं।



### सुबह 8:30 से दोपहर 2:30 बजे तक रही खुली मुलाकात

सर्किल जेल शिवपुरी में भाईदूज के अवसर पर सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई थी। निर्धारित नियमों के तहत पुरुष बंदियों से मिलने के लिए परिवार की महिला सदस्यों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रवेश दिया गया। प्रत्येक मुलाकात के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। जेल प्रशासन ने मुलाकात के लिए आने वाले परिजनों को पहचान पत्र साथ लाने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा जेल के प्रतिबंधित हिस्से में मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित सामान ले जाने की अनुमति नहीं थी। प्रशासन की व्यवस्थाओं के बीच बहनों ने अपने भाइयों से मुलाकात कर भाईदूज का पर्व मनाया।